**Date:28/04/25**

**Press Invitation**

**Subject: Invitation to Press Conference on the Joining of New Vice Chancellor Prof. Ajay Taneja**

Dear Sir/Madam,

We are pleased to inform you that Prof. Ajay Taneja has assumed charge as the new Vice Chancellor of Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow.

On this momentous occasion, we cordially invite you to a Press Conference where our Hon'ble Vice Chancellor, Prof. Taneja will share his vision for the future growth and development of the University.

Details of the Event:

Date: April 29, 2025

Time: 3:00 PM

Venue: Meeting Hall, Admin Building, KMCLU

The event will comprise an interactive session where Hin'bke Vice Chancellor will address the media and answer questions regarding upcoming initiatives and plans for the University.

We would be honored by your presence. The press conference will be followed by high tea.

Kindly confirm your participation.

Warm regards,

Media Committee

KMCLU, Lucknow

**Date:26/04/25**

**Prof. Ajay Taneja Takes Charge as Vice-Chancellor of Khwaja Moinuddin Chishti Language University**

**Lucknow. Prof. Ajay Taneja formally assumed office on Saturday as the new Vice-Chancellor of Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow. In a charge-handing-over ceremony, outgoing Vice-Chancellor Prof. J.P. Pandey officially handed over the responsibilities to Prof. Taneja. He becomes the sixth permanent Vice-Chancellor of the university.**

**An eminent academician in the fields of chemistry, environmental chemistry, and atmospheric science, Prof. Taneja brings with him over three decades of teaching experience and more than 32 years of research expertise. In addition to his academic accomplishments, he has held several key administrative positions throughout his career.**

**National and International Experience**

**Prof. Taneja has actively engaged in academic and research collaborations across several countries, including the United States, Germany, China, and**

**Australia. He has published over 150 research papers in prestigious international journals. He is a Fellow of the Indian Chemical Society (FICS) and the Indian Council of Chemists (FICC). Moreover, he has been a recipient of the prestigious Leadership for Academicians Programme (LEAP) fellowship, sponsored by the University Grants Commission.**

**Focus on Innovation, Research, and Excellence**

**In his inaugural address, Prof. Taneja outlined his vision for the university's growth, centered on three foundational pillars — innovation, research, and excellence.**

**He emphasized promoting new ideas and technological experimentation through innovation.**

**He highlighted the importance of fostering knowledge creation and encouraging pioneering research.**

**He asserted his commitment to establishing excellence in education, research, and holistic development across all university activities.**

**Commitment to Students' Holistic Development**

**Following the assumption of charge, Prof. Taneja interacted with faculty deans, department heads, and senior university officials at a meeting held in the university auditorium. He reviewed the university's ongoing activities and assessed preparations for the upcoming admission process.**

**On the occasion, he reaffirmed his dedication to ensuring the all-round development of students and expressed his resolve to elevate the university to greater heights. Prof. Taneja also underlined his commitment to aligning the university's academic framework with the objectives of the National Education Policy (NEP) 2020, aiming to equip students with skills to compete on a global platform.**

**Calling for unity among faculty members, he urged everyone to work collectively towards achieving academic excellence. Expressing confidence, he assured that he would contribute his best efforts in fulfilling his role as Vice-Chancellor.**

**The charge-handing-over ceremony was attended by Dr. Mahesh Kumar, Registrar; Dr. Bhavna Mishra, Controller of Examinations; Mr. Sajid Azmi,**

**Finance Officer; Prof. Syed Haider Ali; Prof. Souban Saeed; Prof. Tanveer Khadija, along with other faculty members and administrative staff.**

**Date:12/04/25**

**भाषा विश्वविद्यालय: बी.टेक बायोटेक्नोलॉजी विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण**

**ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के जैव प्रौद्योगिकी अभियांत्रिकी विभाग द्वारा बी.टेक बायोटेक्नोलॉजी (छठा सेमेस्टर) के विद्यार्थियों के लिए 12 अप्रैल 2025 को करियर मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, लखनऊ में एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। यह भ्रमण, पाठ्यक्रम के व्यावहारिक पक्ष को सुदृढ़ करने हेतु किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को चिकित्सा जैव प्रौद्योगिकी एवं अस्पताल आधारित नैदानिक प्रक्रियाओं की प्रत्यक्ष जानकारी प्रदान करना था।**

**विद्यार्थियों ने भ्रमण के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों से संवाद स्थापित किया तथा नैदानिक जैव प्रौद्योगिकी, जैव-चिकित्सकीय उपकरणों, पैथोलॉजी प्रयोगशालाओं एवं अनुसंधान-नैदानिक विभागों में प्रयुक्त आधुनिक तकनीकों को प्रत्यक्ष रूप से अवलोकित किया। विशेष रूप से, आणविक तकनीकों के माध्यम से रोगों के निदान एवं प्रबंधन की प्रक्रियाएं छात्रों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक सिद्ध हुई।**

**इस शैक्षणिक भ्रमण का समुचित संचालन डॉ. इफ़्फ़त अज़ीम एवं इं. राशी श्रीवास्तव, सहायक आचार्य, जैव प्रौद्योगिकी अभियांत्रिकी विभाग, के निर्देशन में संपन्न हुआ। दोनों शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन एवं समन्वय से यह भ्रमण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।**

विभागाध्यक्ष डॉ. आर.के. त्रिपाठी के नेतृत्व में आयोजित इस भ्रमण के माध्यम से विद्यार्थियों को सैद्धांतिक ज्ञान के व्यावहारिक अनुप्रयोग का सजीव अनुभव प्राप्त हुआ। उन्होंने ऐसे शैक्षणिक उपक्रमों को विद्यार्थियों के समग्र शैक्षणिक विकास एवं व्यावसायिक दक्षता में वृद्धि हेतु अत्यंत आवश्यक बताया। साथ ही सभी विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं ।

**Date:08/04/25**

**हैकनोवेट 6.0 में भाषा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की शानदार उपलब्धि**

**लखनऊ, 7 अप्रैल 2025 — ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग के बी.टेक द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने ABES इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, गाज़ियाबाद द्वारा आयोजित 24 घंटे के हाइब्रिड हैकाथॉन "हैकनोवेट 6.0" में भाग लेकर "बेस्ट बिगिनर टीम" का खिताब अपने नाम किया है। यह प्रतियोगिता 4 एवं 5 अप्रैल 2025 को आयोजित की गई थी।**

**प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए टीम को प्रशस्ति पत्र के साथ ₹3000/- की नकद राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो जे पी पांडेय ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल विद्यार्थियों की तकनीकी दक्षता का प्रमाण है, बल्कि उनकी नवाचार क्षमता और टीम वर्क को भी दर्शाती है।**

**विजेता टीम में आशीष मौर्य – बी.टेक (कंप्यूटर साइंस), पुष्कर कांत मिश्रा – बी.टेक (कंप्यूटर साइंस - आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं डेटा साइंस), सोनी गुप्ता – बी.टेक (कंप्यूटर साइंस), श्वेता यादव – बी.टेक (कंप्यूटर साइंस) शामिल रहे।**

**इस टीम का मार्गदर्शन विभाग की सहायक आचार्या डॉ. शान-ए-फातिमा द्वारा किया गया। उनके कुशल निर्देशन में टीम ने यह सफलता अर्जित की।**

विश्वविद्यालय परिवार ने पूरी टीम को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

**Date:29/04/25**

**भाषा विवि के कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने की पहली प्रैस कॉन्फ्रेंस**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के नव नियुक्त माननीय कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने वीसी लॉज में अपनी पहली प्रैस कॉन्फ्रेंस की।

प्रैस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए माननीय कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने सभी पत्रकार साथियों का स्वागत किया। स्वागत के बाद सबसे पहले अपना परिचय देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय वर्तमान में 76 कोर्सेज संचालित करता है। जिसमें हजारों विद्यार्थी पढ़ाई करते हैं। इन सभी विद्यार्थियों को अब से भारतीय ज्ञान परंपरा आधारित अध्ययन करने हेतु 20 हजार रुपए की वित्तीय सहायता मुहैया कराई जायेगी।

प्रो. तनेजा ने कहा कि विश्वविद्यालय में जिन शिक्षकों के प्रमोशन शेष हैं उन्हें भी यथाशीघ्र भरा जायेगा। प्रो. अजय तनेजा ने बताया कि उनकी प्राथमिकता एडमिशन को मिशन मोड पर ले जाकर क्रियान्वित करना है। जबकि दूसरी प्राथमिकता विश्वविद्यालय में शोध और नवाचार को बढ़ावा देना है और तीसरी प्राथमिकता में नैक का मूल्यांकन सफल तरीके से कराना है। इसके अलावा कुलपति प्रो. तनेजा ने कहा कि हम राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत विश्वविद्यालय में शिक्षण कार्य भी उनकी प्राथमिकता में शामिल रहेगा। प्रो. तनेजा ने बताया कि हम जल्द ही विदेशी भाषाओं में लैंग्वेज कोर्सेस भी आरम्भ करने जा रहे हैं। इसके साथ ही प्रो. तनेजा ने कहा कि वर्तमान में जिन कोर्सेज में स्नातक विषय के साथ पढ़ाई हो रही है वहां परास्नातक स्तर पर कोर्सेज संचालित किये जायेंगे। प्रो. तनेजा ने कहा कि विश्वविद्यालय में नियमित और संविदा के सभी रिक्त पदों पर आवेदन और भर्ती भी जल्द शुरू की जाएगी। अंत में प्रैस कॉन्फ्रेंस सभी पत्रकार साथियों को धन्यवाद के साथ समाप्त हुई।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में विश्वविद्यालय से कुलसचिव डॉ. महेश कुमार, प्रो. सौबान सईद, मीडिया प्रभारी डॉ. रुचिता सुजॉय चौधरी, मीडिया कमेटी से डॉ. शचींद्र शेखर, डॉ. काजिम रिज़वी, डॉ. जफरुन नकी और मोहसिन उपस्थित रहे।

**Vice Chancellor Prof. Ajay Taneja Addresses First Press Conference at Khwaja Moinuddin Chishti Language University**

The newly appointed Hon'ble Vice Chancellor of Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow, Prof. Ajay Taneja, held his maiden press conference at the VC Lodge, outlining his strategic vision and priorities for the university's development.

Welcoming members of the press, Prof. Taneja expressed his gratitude for their presence and briefly introduced the university's academic landscape, highlighting that 76 programmes are currently being offered, serving thousands of students. He announced a major student-centric initiative wherein each student would be provided financial assistance of Rs. 20,000 to support studies rooted in India's traditional knowledge systems.

Prof. Taneja assured that all pending faculty promotions would be expedited. He further outlined his three key priorities: streamlining the admission process in mission mode, promoting research and innovation across disciplines, and ensuring the successful completion of the university's NAAC accreditation

process. He also reaffirmed his commitment to implementing the National Education Policy (NEP) across teaching and academic frameworks.

In a forward-looking move, Prof. Taneja announced plans to introduce new language programmes in select foreign languages. He also stated that postgraduate courses would soon be launched in subjects currently available only at the undergraduate level. Recruitment processes for vacant regular and contractual positions will be initiated shortly, he added.

The press conference concluded with a vote of thanks to the media fraternity for their continued support and engagement. Also present on the occasion were University Registrar Dr. Mahesh Kumar; Prof. Sauban Saeed; Dr. Ruchita Sujai Chowdhary, Media Coordinator; and members of the Media Committee — Dr. Shachindra Shekhar, Dr. Kazim Rizvi, Dr. Zafrun Naqi, and Mr. Mohsin.

**Date:04/04/25**

भाषा विवि के छात्रों ने किया वनस्पति संस्थान का दौरा

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में स्थापित ''फैकल्टी आफ फार्मेसी'' के डी० फार्मा० प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान का भ्रमण किया। इस दौरे का उद्देश्य विद्यार्थियों को वनस्पति विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी और पर्यावरणीय अनुसंधान से जुड़ी आधुनिक जानकारियाँ देना था।

भाषा विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. जे पी पांडेय के नेतृत्व में भाषा विवि विद्यार्थियों के गतिविधियों का केंद्र बन रहा है। इसी क्रम में विश्वविद्यालय के छात्रों ने राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान का भ्रमण किया। संस्थान उत्तर भारत की जैव विविधता को संरक्षित करने के लिए कार्य करता है साथ ही विभिन्न विश्वविद्यालयों व संस्थानों के साथ मिलकर अनुसंधानकर्ताओं को प्रशिक्षण भी प्रदान करता है। यहाँ के वरिष्ठ वैज्ञानिक, डॉ. मनीश एस. भोयर ने छात्रों को पौधों के ऊतक संवर्धन और जेनेटिक इंजीनियरिंग के ज़रिए नई किस्मों के विकास की विस्तृ ित जानकारी छात्रों को प्रदान की । साथ ही प्रमुख तकनीकी अधिकारी डॉ.दयाशंकर ने विद्यार्थियों को परिसर मे स्थपित औषधीय, सुगंधित और सजावटी पौधों की किस्मो के बारे में छात्रों को बताया। विद्यार्थियों ने परिसर में स्थित जैव-गगनशक्ति ग्रीनहाउस का भ्रमण किया जहाँ विभिन्न जलवायु परिस्थितियों की नकल कर पौधों पर अनुसंधान किया जाता है।

भ्रमण के दौरान छात्रों ने संस्थान के बॉटनिकल गार्डन, कैक्टस और रसीले पौधे, साइकैड हाउस, औषधीय पौधों की प्रयोगशालाएं, तथा टिशू कल्चर लैब का भी निरीक्षण किया। वैज्ञानिकों ने उन्हें बताया कि किस प्रकार जैव विविधता का संरक्षण और पौधों की नई प्रजातियों का विकास किया जाता है।

भ्रमण में शामिल छात्र-छात्राओं ने इस अनुभव को बेहद रोचक और ज्ञानवर्धक बताया। उन्होंने कहा कि यह भ्रमण न केवल उनकी पाठ्यपुस्तकीय जानकारी को व्यावहारिक रूप से जोड़ता है, बल्कि उन्हें प्रकृति और विज्ञान के प्रति और अधिक जागरूक बनाता है। छात्रों के साथ सहायक आचार्य विनोद कुमार, दिव्यानी सिंह, नैंसी तिवारी एवं एहतेशाम अहमद उपस्थित रहे। फैकल्टी ऑफ फार्मेसी की निदेशक प्रो0 शालिनी त्रिपाठी ने इस तरह की शैक्षिक भ्रमण को छात्रों के शैक्षिक विकास के दृष्टिगत आवश्यक बताया।

**Date:28/04/25**

**भाषा विवि के नए कुलपति प्रो. तनेजा ने ली परिचय बैठक**

**ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के नव नियुक्त कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने विश्वविद्यालय के सभी लोगों के साथ औपचारिक बैठक अटल हॉल में की।**

**विदित है कि हरदोई सीतापुर रोड अवस्थित ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में नए कुलपति के रूप में डॉ. अंबेडकर विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कार्यभार संभालने के बाद पहली बैठक की। जिसमें सायं तीन बजे विश्वविद्यालय परिसर के अटल सभागार में सभी शिक्षकों के साथ औपचारिक बैठक की। बैठक की शुरुआत माननीय कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने अपना पूर्ण परिचय देते हुए सभी शिक्षक और कर्मचारियों से भी परिचय लिया। बैठक को संबोधित करते हुए माननीय कुलपति प्रो. तनेजा ने बताया कि है हम सभी शिक्षकों को अध्यापन कार्य करते हुए अपने व्यक्तिगत कार्यों से भी संतुलन बिठाना होगा। प्रो. अजय ने कहा कि हमें विद्यार्थियों के साथ मिलकर शोध, नवाचार और विद्यार्थी कल्याण के बारे प्रयास करना चाहिए। कुलपति ने नैक, एडमिशन बढ़ाने के प्रयास पर बल भी दिया।**

**परिचय बैठक में डीन अकादमिक प्रो. सौबान सईद, डीन शोध, प्रो. चन्दना डे, प्रो. मसूद आलम, प्रो. एहतेशाम अहमद, प्रो. तनवीर ख़दीजा, प्रो. फखरे आलम, प्रो.शालिनी त्रिपाठी, डॉ. राजेंद्र त्रिपाठी, डॉ. तथहीर फातिमा और डॉ. लक्ष्मण सिंह सहित विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक, अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।**

**Date:28/04/25**

**भाषा विवि के विद्यार्थियों ने किया सीडीआरआई का भ्रमण**

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्विद्यालय लखनऊ में स्थापित "फैकल्टी आफ फार्मेसी" के बी० फार्म० प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने सीएसआईआर-सेंट्रल ड्रग रिसर्च इंस्टिट्यूट (CDRI) का भ्रमण किया जिसका उद्देश्य स्टूडेंट- साइंटिस्ट कनेक्ट प्रोग्राम के अंतर्गत विद्यार्थियों को अत्याधुनिक लैब और अनुसंधान से जुड़ी आधुनिक जानकारियाँ प्राप्त करना था।

भ्रमण के दौरान छात्रों को संस्थान के वैज्ञानिकों के द्वारा उनकी अत्याधुनिक रिसर्च लैब, उसमें उपलब्ध उपकरण, उनकी उपयोगिता एवं नई फार्मास्युटिकल प्रौद्योगिकियों के बारे में जानकारी दी गई। वैज्ञानिकों ने उन्हें औषधि अनुसंधान से जुड़ी बारीकियों तथा अनुसंधान के क्षेत्र में अवसर व चुनौतियों के बारे में बताया । विद्यार्थियों ने वैज्ञानिकों के साथ संवाद कर दवा निर्माण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। छात्र-छात्राओं ने इस अनुभव को बेहद रोचक और ज्ञानवर्धक बताया। उन्होंने कहा कि यह भ्रमण न केवल उनकी पाठ्यपुस्तकीय जानकारी को व्यावहारिक रूप से जोड़ता है, बल्कि उन्हें विज्ञान के प्रति और अधिक जागरूक बनाता है।

सीएसआईआर-सीडीआरआई के प्रधान वैज्ञानिक डॉ संजीव यादव ने बताया कि एक व्यापक आधुनिकीकरण कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय नियामक दिशा-निर्देशों के

अनुसार सीडीआरआई में सभी आधुनिक सुविधाओं और तौर-तरीकों से सुसज्जित विश्व स्तरीय दवा अनुसंधान प्रयोगशाला का निर्माण किया गया है।

छात्रों के साथ सहायक आचार्य विनोद कुमार, अर्चिता तिवारी एवं एहतेशाम अहमद उपस्थित रहे। फैकल्टी आफ फार्मेसी की निदेशक प्रो0 शालिनी त्रिपाठी ने इस तरह की शैक्षिक गतिविधियों को छात्रों के संपूर्ण शैक्षिक विकास के दृष्टिगत महत्वपूर्ण एवं आवश्यक बताया।

**Date:04/04/25**

**भाषा विवि के स्वयंसेवकों ने किया रात्रि शिविर का आयोजन**

**ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के राष्ट्रीय सेवा योजना के इकाई- 2 की कार्यक्रम अधिकारी डॉ पूनम चौधरी तथा स्वयं सेवकों द्वारा सात दिवसीय विशेष (रात्रि-दिवस) शिविर विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिये गये गांव डिगुरिया में लगाया गया जिसके अंतर्गत गांव की महिलाओं, बच्चों और पुरुषों को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य, पर्यावरण और वृक्षारोपण, नशामुक्ती , दहेज प्रथा एक अभिशाप , योग और स्वास्थ्य तथा सड़क सुरक्षा जैसे विषयों पर विभिन्न रैलियों के माध्यम से और व्यक्तिगत बातचीत के माध्यम से जागरूक किया गया।**

**Date:26/04/25**

**भाषा विवि में निकाला गया कैंडल मार्च**

**ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में पहलगांव में मारे गए बलिदानियों की स्मृति में कैंडल मार्च किया गया।**

**विदित है कि हाल ही में पहलगांव की घाटी में मारे गए निर्दोष लोगों की स्मृति में कैंडल मार्च का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में किया गया। कैंडल मार्च का आयोजन विश्वविद्यालय सर्किल से आरम्भ होकर पूरे परिसर में शोक के साथ मार्च का आयोजन किया गया। कैंडल मार्च के अंत में सभी ने पहलगांव में शहीद हुए लोगों की स्मृति दुखद संवेदना व्यक्त की। कैंडल मार्च के दौरान प्रो. एहतेशाम अहमद, डॉ. नीरज शुक्ल, डॉ. राम दास, डॉ. लक्ष्मण सिंह समेत विश्वविद्यालय के शिक्षक और लगभग 300 विद्यार्थियों ने सहभागिता की।**

**Date:17/04/25**

**भाषा विवि में बौद्धिक संपदा पर हुआ कार्यशाला का आयोजन**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के अटल सभागार में बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य अकादमिक समुदाय, फैकल्टी सदस्यों, छात्रों और शोधकर्ताओं को बौद्धिक संपदा अधिकारों के महत्व और उनके अनुप्रयोग के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें विभिन्न विभागों के प्रमुखों ने भाग लिया, जिनमें डॉ. राहुल मिश्रा (अर्थशास्त्र विभाग), डॉ. पूनम सिंह (इतिहास विभाग), डॉ. मनीष कुमार (वाणिज्य विभाग), डॉ. ज़ैबुन निशा मैम (वाणिज्य विभाग), और प्रोफेसर मुशीर अहमद (व्यवसाय प्रशासन विभाग) शामिल थे।

कार्यशाला में दो सत्र आयोजित किए गए:

1. पहला सत्र (दोपहर 1:00 बजे - 2:30 बजे) ऑफलाइन

श्री ज़फ़र अहमद, सेकंड सिल्वर लाइनिंग आईपी एलएलपी ने बौद्धिक संपदा अधिकारों के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने आईपीआर के महत्व, इसके प्रकार और इसके अनुप्रयोग के बारे में जानकारी दी।

2. दूसरा सत्र (दोपहर 2:30 बजे - 3:30 बजे) ऑनलाइन

श्री कुमार राजू, सहायक नियंत्रक, पेटेंट और डिज़ाइन, राजीव गांधी राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा अधिकार प्रबंधन संस्थान, नागपुर ने ऑनलाइन माध्यम से बौद्धिक संपदा अधिकारों के कानूनी पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने पेटेंट और डिज़ाइन फाइलिंग की प्रक्रिया और इसके महत्व के बारे में विस्तार से बताया।

कार्यशाला का आयोजन राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा जागरूकता मिशन के तहत किया गया था, जिसका उद्देश्य बौद्धिक संपदा अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इसके महत्व को समझाना था।

कार्यशाला का समन्वय प्रोफेसर सैयद हैदर अली, व्यवसाय प्रशासन विभाग, वाणिज्य संकाय के डीन ने किया। उन्होंने कार्यशाला के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और इसके सफल संचालन में योगदान दिया।

कार्यशाला में छात्रों और शोधकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने प्रश्नों के उत्तर प्राप्त किए। इस कार्यशाला ने बौद्धिक संपदा अधिकारों के क्षेत्र में ज्ञान और समझ बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।डॉ. दुआ नक़वी ने अतिथियों को प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया और अंत में डॉ. सुशमा एस. मौर्य ने धन्यवाद ज्ञापन कर सत्र का समापन किया।

**Date:16/04/25**

**भाषा विवि में "सक्सेज मंत्रा" सीरीज का हुआ शुभारम्भ**

**भाषा विश्वविद्यालय में कैरियर काउंसिल सेल की पहल।**

**ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. जे. पी. पांडे के मार्गदर्शन में कैरियर काउंसिल सेल द्वारा "सक्सेज मंत्र" सीरीज-1 का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम छात्रों के भविष्य की नौकरियों और आवश्यक कौशलों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।**

**कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन से की गई। कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन डॉ. राहुल मिश्रा ने दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. हैदर अली ने बताया कि सभी विद्यार्थियों को स्किल्ड बेस्ड एजुकेशन की तरफ बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री संजय मेधावी रहे, जिन्होंने "फ्यूचर ऑफ जॉब्स एंड स्किल्स"* विषय पर एक प्रभावशाली प्रेजेंटेशन (PPT) के माध्यम से छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान युग तकनीक का युग है, और छात्रों को टेक्नोलॉजी के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना चाहिए। उन्होंने AI (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की आवश्यकता और उपयोगिता पर जोर देते हुए कहा कि आज के दौर में इसके ज्ञान के बिना भविष्य की कल्पना अधूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को नई-नई तकनीकों को सीखते रहने और स्वयं को समयानुकूल अपडेट करने की प्रेरणा दी।**

कार्यक्रम में प्रो. सैयद हैदर अली के सहयोग से कैरियर काउंसिलिंग सेल द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें शिक्षकों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में सभी पैनल सदस्यों ने करियर विकास, तकनीकी दक्षताओं और व्यक्तिगत मार्गदर्शन से संबंधित अनुभव छात्रों के साथ साझा किए।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. ज़ैबून निशा ने किया तो धन्यवाद ज्ञापन में डॉ. शचींद्र शेखर जी ने कहा कि यह आयोजन छात्रों के लिए न केवल एक ज्ञानवर्धक अनुभव रहा, बल्कि उनके कैरियर निर्माण के लिए भी एक मजबूत प्रेरणा का स्रोत बना है। विश्वविद्यालय द्वारा इस तरह की श्रृंखलाएं आगे भी निरंतर रूप से आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम में विशेष सहयोग पत्रकारिता विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. मो. नसीब का रहा। कार्यक्रम के इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक और विद्यार्थी भारी तादाद में उपस्थित रहे।

**Date:14/04/25**

**भाषा विवि में हुआ अम्बेडकर जयंती पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन**

**ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में अम्बेडकर जयंती के पावन अवसर पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर के अटल सभागार में किया गया।**

**विदित है कि प्रत्येक वर्ष पूरे विश्व में बोधिसत्व भारतरत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को धूमधाम से मनाया जाता है। इसी श्रृंखला में हरदोई सीतापुर रोड अवस्थित ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में बाबासाहेब की 134 वीं जयंती के पावन अवसर पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन प्रो. जे पी पांडेय के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा बाबासाहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया गया।**

**राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रो. कालीचरण स्नेही, सेवानिवृत्त, लखनऊ विश्वविद्यालय ने कहा कि बाबासाहेब विश्वभूषण हैं। जनता ने दुनिया को बता दिया कि अंबेडकर जयंती कैसे मनाई जाती है। आज 192 देशों में बाबासाहेब की जय जयकार होती है। अमेरिका ने भी माना कि बाबासाहेब अंबेडकर ने हमारे यहां शिक्षा ग्रहण करके उसका सफल प्रयोग भारत में किया। प्रो. स्नेही ने कहा कि मोदी सरकार ने आज बाबासाहेब पर चर्चा और विमर्श कराए जा रहे हैं जबकि उत्तर प्रदेश सरकार तो 10 दिन का अंबेडकर जयंती**

कार्यक्रम करा रही है। अकादमिक जगत में बाबासाहेब पर चर्चा–परिचर्चा होनी चाहिए। प्रो. कालीचरण ने डॉ. अम्बेडकर को कोट करते बताया कि जाति के विनाश से ही स्वस्थ्य लोकतंत्र का निर्माण संभव है। स्वतंत्रता, समता और बंधुत्वा किसी भी संवैधानिक राष्ट्र के कारक होने चाहिए। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब प्रत्येक नागरिक के लिए एक आदर्श हैं। आज भारत में सभी जगह महिलाओं के प्रतिनिधित्व में डॉ. अम्बेडकर का ही योगदान है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता व्यवसाय प्रशासन के विभागाध्यक्ष डॉ. मुशीर अहमद ने की।

एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में 300 के लगभग विद्यार्थियों और शिक्षकों ने पंजीकरण कराया जिसमें चुनिदा प्रतिभागियों ने शोध पत्र का प्रस्तुतिकरण भी किया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

अंबेडकर जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाषा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. महेश कुमार की महती भूमिका रही जबकि संगोष्ठी के आयोजक के रूप में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत संयोजक डॉ. अभय कृष्णा, सह संयोजक डॉ. पूनम चौधरी, डॉ. मनीष कुमार, आयोजन सचिव के डॉ. जफरुन नकी रहे।

मंच का संचालन विवि के विद्यार्थी नशरा अंसारी और रुद्राक्ष ने किया।

धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मनीष कुमार ने दिया। संगोष्ठी के दौरान प्रो. सौबान सईद, डॉ. राजेंद्र त्रिपाठी, डॉ. नीरज शुक्ल, डॉ. शचींद्र शेखर, डॉ. सिद्दार्थ सुदीप, डॉ. लक्ष्मण सिंह के साथ विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक और विद्यार्थी भारी तादाद में उपस्थित रहे।

**भाषा विवि में हुआ एल्युमिनाई मीट का आयोजन** **Date:30/04/25**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के होम साइंस विभाग द्वारा एल्यूमिनाई मीट का आयोजन किया गया। यह आयोजन माननीय कुलपति प्रो. अजय तनेजा के मार्गदर्शन एवं विज्ञान संकाय की अधिष्ठाता तथा विभागाध्यक्ष डॉ. तत्हीर फात्मा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में एल्यूमिनाई ने उत्साहपूर्वक बड़ी संख्या में भाग लिया। उन्होंने वर्तमान छात्रों और अपने सहपाठियों के साथ अपने अनुभव साझा किए और विभाग में बिताए अपने समय को याद किया। पूरा वातावरण आत्मीयता और स्मृतियों से भर गया, जब वे अपने पुराने मित्रों, शिक्षकों और छात्रों से मिले। डॉ. तत्हीर फात्मा ने सभी एल्यूमिनाई से व्यक्तिगत रूप से संवाद किया और उन्हें विभाग में बार-बार आने तथा इसके विकास हेतु सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया। एल्यूमिनाई ने छात्रों को परिश्रम करने और अपने करियर में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि जब भी और जहाँ भी आवश्यकता हो, वे छात्रों की मदद के लिए हमेशा तैयार हैं। विभाग के प्रति अपने गहरे जुड़ाव को व्यक्त करते हुए, एल्यूमिनाई ने इसके विकास में योगदान देने और नई उपलब्धियाँ स्थापित करने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने सुझाव दिया कि अगली एल्यूमिनाई मीट को और बड़े स्तर पर आयोजित किया जाए, जिसे विभाग ने सहर्ष स्वीकार करते हुए आगामी सत्र के लिए नोट कर लिया। कार्यक्रम का समापन विभागाध्यक्ष डॉ. तत्हीर फात्मा द्वारा दिए गए हार्दिक धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। अंत में, उन्होंने इस यादगार कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए होम साइंस विभाग के शिक्षकगण डॉ कल्पना देवी, डॉ कीर्तिमा सचान और डॉ ज़ैनब मौलाई सहित सभी का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

**Date:26/04/25**

भाषा विवि में हुआ एल्युमिनी मीट का आयोजन

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में एलुमनी मीट और पेरेंट्स इंटरेक्शन कार्यक्रम का आयोजन कॉमर्स विभाग में आयोजित किया गया।

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा एलुमनी मीट और पेरेंट्स इंटरेक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष प्रो. एहतिशाम अहमद ने किया। डॉ. नीरज शुक्ला ने पूर्व छात्रों से परिचय कराया और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।

एल्युमिनी मीट के अवसर पर पूर्व छात्रों ने अपनी उपलब्धियों को साझा किया, जिनमें डॉ. शिवम चतुर्वेदी, डॉ. मरिया बिन्त सिराज, अयुष तिवारी, एराम कहकशां, असिफ, मानवी, लालित यादव और प्रशांत पांडेय प्रमुख रहे। अभिभावकों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता कर अपने सुझाव साझा किए।

कार्यक्रम का सफल संचालन सहायक प्रोफेसर सुश्री आफरीन फातिमा द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का समापन इस भावना के साथ हुआ कि पूर्व छात्रों ने विश्वविद्यालय से अपने गहरे जुड़ाव को महसूस किया और सुझाव दिया कि इस प्रकार के कार्यक्रम नियमित अंतराल पर आयोजित किए जाएँ, जिसमें और अधिक एलुमनी को शामिल किया जा सके।

**Date:25/04/25**

**भाषा विवि में हुआ "कचरा पृथक्करण की नवीन तकनीक" विषय पर कार्यशाला का आयोजन**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग में "हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में कचरा पृथक्करण की नवीन तकनीकों और उनके रीसाइक्लिंग दक्षता पर प्रभाव" पर एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसके मुख्य वक्ता डॉ माज़ अल्लाह खान रहे, उन्होंने कचरे के संग्रहण, पृथक्करण, परिवहन और निपटान की प्रक्रिया को समझाया और नई तकनीकी स्मार्ट डस्टबिन्स, जीपीएस युक्त कचरा-वाहन, तथा आधुनिक प्रोसेसिंग यूनिट्स के माध्यम से अब कचरे को प्रभावी रूप से रीसायकल और पुनः उपयोग करने के बारे में बिस्तार से बताया इन स्मार्ट तकनीकों के कारण न केवल कचरा पृथक्करण में सटीकता बढ़ी है, बल्कि शहर की साफ-सफाई, पर्यावरण की गुणवत्ता और नागरिकों की भागीदारी में भी सुधार होगा, होटल्स, रेस्टोरेंट्स और रिसॉर्ट्स अब कचरे के पृथक्करण के लिए अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग कर रहे हैं, जिससे रीसाइक्लिंग की दक्षता में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। नवीन स्मार्ट बिन्स, सेंसर आधारित सॉर्टिंग सिस्टम्स, और AI-सहायित डेटा एनालिटिक्स का प्रयोग कर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि जैविक, पुनर्नवीनीकरण योग्य और अपशिष्ट पदार्थों को स्रोत पर ही अलग किया जा सके। इन तकनीकों के प्रयोग से न केवल पर्यावरण पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों को कम किया जा सकता है, बल्कि संचालन लागत में भी कमी लायी जा सकती है। इस आयोजन के समन्वक प्रभारी निदेशक डॉ राजेंद्र त्रिपाठी एवं डॉ कौशलेश शाह थे, इस अवसर पर विभाग के शिक्षक डॉ. आस्था चौरसिया, डॉ. अभिषेक अवस्थी, अभिनव शुक्ला सहित सभी शिक्षक एवं समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे|

**Date:23/04/25**

**भाषा विवि में हुआ कार्यशाला का आयोजन**

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ एवं अवध इनक्यूबेशन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में हुआ आयोजन किया गया। जिसका विषय भविष्य का निर्माण जिसमें छात्र उद्यमियों को सशक्त बनाने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर नवाचार के क्षेत्र में रुचि रखने वाले छात्र एवं उद्योग जगत के अनुभवी विशेषज्ञों ने भाग लेकर युवाओं में उद्यमशीलता की सोच और नवाचार को प्रोत्साहित किया।

यह कार्यशाला विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. जे.पी. पांडेय के संरक्षण में आयोजित की गई, जिनके दूरदर्शी नेतृत्व में विश्वविद्यालय निरंतर शैक्षणिक व उद्यमशील पहलों में अग्रसर है।

कार्यशाला का पहला सत्र डॉ. अमित सिन्हा द्वारा संचालित किया गया, जिसमें उन्होंने 'सीएम युवा मिशन' के माध्यम से उत्तर प्रदेश के युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को साझा किया। मुख्य वक्ता के रूप में राफ्ट एंड रिवर्स एलएलसी (दक्षिण-पूर्व एशिया) के प्रमुख श्री नृपेन भट्ट ने वैश्विक उद्यमशीलता के रुझानों, नवाचार की शक्ति और धैर्य के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यशाला के संयोजक एवं अवध इनक्यूबेशन फाउंडेशन के उपाध्यक्ष डॉ. सैयद हैदर अली ने छात्र आधारित स्टार्टअप्स के लिए सहयोगी पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने युवाओं को व्यवहारिक अनुभव प्रदान करने हेतु ऐसे कार्यक्रमों की निरंतरता की प्रतिबद्धता जताई।

इस आयोजन के साथ विश्वविद्यालय में 'अंबेडकर सप्ताह' का भी आयोजन किया गया, जिसमें बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा प्रचारित सामाजिक न्याय, शिक्षा एवं सशक्तिकरण के मूल्यों को स्मरण किया गया।

कार्यशाला में विभिन्न विषयों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विचार-विमर्श, संवादात्मक सत्रों एवं मेंटरशिप कार्यक्रमों के माध्यम से अपने विचारों को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त किए।

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय एवं अवध इनक्यूबेशन फाउंडेशन नवाचार, उद्यमिता और समावेशी विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं, जिससे आत्मनिर्भर एवं सशक्त युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके।

**Date:25/04/25**

**भाषा विवि में हुआ श्रद्धांजलि सभा का आयोजन**

**ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो.जे. पी पाण्डेय के मार्गदर्शन में जम्मू और कश्मीर राज्य के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की दुखद घटना पर श्रद्धांजलि एवं शोक सभा का एक आयोजन हुआ। इस सभा का आयोजन विश्वविद्यालय में स्थित अटल सभागार में हुआ। शोक सभा में शोक सन्देश विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ. महेश कुमार द्वारा पढ़ा गया | पहलगाम में हुई घटना पर अफसोस ज़ाहिर करते हुए सभी ने दो मिनट का सभा में मौन धारण किया | इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र छात्रायें भारी संख्या में उपस्थित रहे।**

**Date:25/04/25**

**भाषा विश्वविद्यालय: एनसीसी 'सी' प्रमाण पत्र वितरण समारोह सम्पन्न**

**लखनऊ स्थित 20 यूपी गर्ल्स एनसीसी बटालियन में आज ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ की 29 एनसीसी कैडेट्स को 'सी' प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। यह प्रमाण पत्र बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रत्नाकर त्रिवेदी द्वारा वितरित किए गए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. बुशरा अल्वेरा (Lt. Dr. Bushra Alvera) भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।**

**कर्नल त्रिवेदी ने 'सी' प्रमाण पत्र की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह कैडेट्स की मेहनत, अनुशासन और राष्ट्रीय सेवा के प्रति समर्पण का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि यह प्रमाण पत्र सैन्य सेवाओं तथा विभिन्न सरकारी सेवाओं में प्रवेश हेतु विशेष वरीयता प्रदान करता है, जिससे कैडेट्स को अपने करियर में नए अवसर प्राप्त होते हैं।**

**लेफ्टिनेंट डॉ. बुशरा अल्वेरा ने कैडेट्स को बधाई देते हुए कहा कि वे देश की नारी शक्ति का प्रतीक हैं और उनके भीतर नेतृत्व, सेवा और समर्पण की भावना है। उन्होंने कैडेट्स के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।**

**विश्वविद्यालय और एनसीसी बटालियन की ओर से सभी कैडेट्स को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी गई।**

**Date:26/04/25**

**भाषा विश्वविद्यालय के कुलगुरु के रूप में प्रो. अजय तनेजा ने कार्यभार ग्रहण किया**

**लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के नए कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने शनिवार को विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने कुलपति कार्यालय में प्रो. जे.पी. पांडेय से कुलगुरु का कार्यभार संभाला। प्रो. तनेजा विश्वविद्यालय के छठे स्थायी कुलपति के रूप में कार्य करेंगे। वे रसायन विज्ञान, पर्यावरणीय रसायन तथा वायुमंडलीय विज्ञान के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद् हैं। उन्हें 30 वर्षों से अधिक का शिक्षण और 32 वर्षों से अधिक का शोध अनुभव प्राप्त है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने विभिन्न प्रशासनिक पदों पर भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है।**

**राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय अनुभव**

**प्रो. तनेजा ने अमेरिका, जर्मनी, चीन, ऑस्ट्रेलिया सहित अनेक देशों में अकादमिक और शोध कार्यों में सक्रिय भागीदारी की है। उनके 150 से अधिक शोध पत्र अंतरराष्ट्रीय जर्नलों में प्रकाशित हो चुके हैं। वे भारतीय रसायन परिषद (FICS) तथा भारतीय केमिस्ट परिषद (FICC) के फैलो हैं। इसके अतिरिक्त, वह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रायोजित 'लीप फेलो' (Leadership for Academicians Programme Fellow) भी रह चुके हैं।**

**नवाचार, अनुसंधान और उत्कृष्टता पर रहेगा जोर**

अपने संबोधन में कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कहा कि वे विश्वविद्यालय की प्रगति के लिए तीन प्रमुख स्तंभों — नवाचार, अनुसंधान और उत्कृष्टता — को आधार बनाकर कार्य करेंगे।

नवाचार के माध्यम से नए विचारों और तकनीकी प्रयोगों को बढ़ावा दिया जाएगा।

अनुसंधान के जरिए ज्ञान सृजन और नवीन खोजों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

उत्कृष्टता के माध्यम से शिक्षा, शोध और समग्र विकास के हर क्षेत्र में श्रेष्ठता स्थापित की जाएगी।

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान

कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत प्रो. तनेजा ने विश्वविद्यालय के सभागार में संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों एवं वरिष्ठ अधिकारियों से भेंट कर विश्वविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली और आगामी प्रवेश प्रक्रिया की तैयारियों की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करेंगे और विश्वविद्यालय को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाने हेतु निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

कुलगुरु ने अपने उद्बोधन में यह भी कहा कि वे राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों के अनुरूप विश्वविद्यालय की शिक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करेंगे तथा विद्यार्थियों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाने के लिए नवाचार, तकनीक और शोध को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने सभी संकाय सदस्यों से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर विश्वविद्यालय को अकादमिक

उत्कृष्टता के पथ पर अग्रसर करें। कुलगुरु ने विश्वास जताया कि वे अपनी भूमिका में श्रेष्ठतम योगदान देने का हर संभव प्रयास करेंगे।

कार्यभार ग्रहण समारोह के सुअवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ महेश कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ भावना मिश्रा, वित्त अधिकारी साजिद आज़मी, प्रो० सैयद हैदर अली, प्रो० सौबान सईद, प्रो तनवीर ख़दीजा सहित समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

**Date:30/04/25**

**भाषा विश्वविद्यालय द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित साइकिल यात्रा के प्रतिभागियों को वितरित किए गए प्रमाण पत्र**

माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल के दिशा-निर्देशन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित साइकिल यात्रा के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। यह वितरण समारोह ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. अजय तनेजा के मार्गदर्शन में 29 अप्रैल 2025 को आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है कि यह साइकिल यात्रा दिनांक 23 मार्च 2025 को भाषा विश्वविद्यालय प्रांगण से प्रारंभ हुई थी। इस यात्रा के माध्यम से विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांवों एवं आमजन को शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण विषयों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर माननीय पूर्व सांसद एवं पूर्व मंत्री श्री कौशल किशोर तथा वर्तमान विधायक श्रीमती जय देवी कौशल ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया और समाज सेवा एवं जनकल्याण हेतु निरंतर कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया। यह यात्रा शारीरिक शिक्षा विभाग के मोहम्मद शारिक के मार्गदर्शन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना एवं महिला अध्ययन केंद्र की समन्वयक डॉ. नलिनी मिश्रा के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. हसन मेहंदी, सहायक आचार्य, शारीरिक शिक्षा विभाग सहित अन्य सहयोगियों का विशेष योगदान रहा।

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow
(Uttar Pradesh State Government University)

**Date:09/04/25**

**भाषा विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग की मिड-टर्म परीक्षाएं सफलतापूर्वक सम्पन्न**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में तीन कार्य दिवसों में इंजीनियरिंग की समस्त शाखाओं की मिड-टर्म परीक्षाएं दो पालियों में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। कुल 794 विद्यार्थियों ने इन परीक्षाओं में भाग लिया। ये परीक्षाएं पूर्णतः नकल-विहीन, अनुशासित एवं पारदर्शी वातावरण में सम्पन्न हुईं, जो विश्वविद्यालय की उच्च परीक्षा-व्यवस्था को दर्शाता है।

परीक्षाएं प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित की गईं — प्रथम पाली प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 2:00 बजे से 3:00 बजे तक। परीक्षा आयोजन में नियोजन, निगरानी और समन्वय की सटीक व्यवस्था सुनिश्चित की गई।

इस सफल परीक्षा आयोजन का श्रेय इंजीनियरिंग के निदेशक डॉ. आर. के. त्रिपाठी के कुशल निर्देशन को जाता है, जिनके मार्गदर्शन में परीक्षा प्रणाली को नकल-विहीन और पारदर्शी बनाए रखने के लिए विशेष प्रयास किए गए। परीक्षा के सफल संचालन में डॉ. शान-ए-फातिमा, डॉ. कौशलेश शाह और डॉ. शावेज़ सिद्दीकी की सक्रिय एवं प्रभावशाली भूमिका रही, जिन्होंने पूरी परीक्षा प्रक्रिया को सजगता एवं दक्षता से सम्पन्न कराया।

परीक्षा आयोजन में विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों एवं तकनीकी स्टाफ ने पूर्ण समर्पण और जिम्मेदारी के साथ सहयोग किया। उनके सामूहिक प्रयासों से यह मिड-टर्म परीक्षा आयोजन न केवल सफल रही, बल्कि विश्वविद्यालय की अकादमिक छवि को भी और अधिक सुदृढ़ किया।

माननीय कुलपति प्रोफेसर जे. पी. पांडेय ने शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और नकल-रहित परीक्षा आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी संबंधितों को बधाई दी। उन्होंने इस प्रयास को विश्वविद्यालय की शिक्षा व्यवस्था में गुणवत्ता और ईमानदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक सशक्त कदम बताया।

यह आयोजन विश्वविद्यालय की उस सतत प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसके अंतर्गत शिक्षा की उत्कृष्टता, पारदर्शिता और नैतिक मूल्यों को प्राथमिकता दी जाती है।

**Date:13/04/25**

**भाषा विश्वविद्यालय में छात्रों ने स्वच्छता के प्रति समाज को किया प्रेरित**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई-7 द्वारा "स्वच्छता एवं समाज" विषय पर एक विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छता के महत्व को रेखांकित करना और युवाओं को सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति संवेदनशील बनाना था।

कार्यक्रम का नेतृत्व इकाई-7 के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनीष कुमार ने किया। सत्र के दौरान स्वयंसेवकों ने स्वच्छता पर विचार-विमर्श किया और विश्वविद्यालय परिसर के साथ ही आसपास के क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया। इस पहल के तहत स्थानीय नागरिकों को स्वच्छ जीवनशैली अपनाने, सार्वजनिक स्थलों की सफाई बनाए रखने तथा स्वच्छ भारत अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया।

अभियान में NSS स्वयंसेवकों वंश गुप्ता, नमरा रफत, अदिति दीक्षित, प्रभात, शाक्षी वर्मा, सनी गौतम और रितिका मिश्रा सहित कई छात्रों ने सक्रिय सहभागिता की। प्रतिभागियों ने सामूहिक प्रयासों के ज़रिए स्वच्छता का संदेश प्रसारित किया और नागरिक चेतना को जाग्रत किया।

इस अवसर पर डॉ. मनीष कुमार ने कहा, "स्वच्छता केवल व्यक्तिगत आदत नहीं, बल्कि यह एक सामाजिक आंदोलन है जो राष्ट्र को स्वस्थ, सुरक्षित और समृद्ध बनाने में सहायक है। जब युवा इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभाते हैं, तो सकारात्मक परिवर्तन स्वाभाविक रूप से आकार लेता है।"

NSS इकाई-7 की यह पहल छात्रों में सामाजिक जिम्मेदारी, नेतृत्व क्षमता और सेवा भावना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

**Date:25/04/25**

**भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया आरंभ**

**लखनऊ, 22 अप्रैल 2025: ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए स्नातक (UG) एवं स्नातकोत्तर (PG) पाठ्यक्रमों में विभिन्न विषयों में प्रवेश प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। यह प्रक्रिया समर्थ एडमिशन पोर्टल के माध्यम से संचालित की जा रही है।**

**विश्वविद्यालय प्रशासन ने सूचित किया है कि प्रवेश से संबंधित विस्तृत जानकारी, पाठ्यक्रमों की सूची एवं दिशा-निर्देश विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट www.kmclu.ac.in पर उपलब्ध हैं।**

**प्रवेश विवरणिका (Prospectus) 2025–26 को भी वेबसाइट पर अपलोड किया जा चुका है, जिसे निम्नलिखित लिंक के माध्यम से देखा जा सकता है:**

**प्रोस्पेक्टस लिंक:**

**https://kmclu.ac.in/wp-content/uploads/2025/04/Prospectus2025_220425.pdf**

इच्छुक अभ्यर्थी निम्नलिखित लिंक पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं:

**ऑनलाइन आवेदन पोर्टल:**

**https://kmcluadm.samarth.edu.in**

**ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 15 जून 2025 निर्धारित की गई है।**

**प्रवेश समन्वयक प्रो. सौबान सईद ने इस प्रवेश प्रक्रिया की औपचारिक घोषणा करते हुए इच्छुक अभ्यर्थियों को ससमय अप्लाई करने की सलाह दी है**

**Date:12/04/25**

**भाषा विश्वविद्यालय: "माई युवा भारत @ युवा शक्ति विकसित भारत" विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया।**

**ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC) इकाई द्वारा आज"माई युवा भारत @ युवा शक्ति विकसित भारत" विषय पर एक ऑनलाइन वेबिनार का सफल आयोजन किया गया। इस वेबिनार का मुख्य उद्देश्य कैडेट्स को भारत सरकार की नवीनतम पहल "My Yuva Bharat (MY Bharat)" के बारे में जानकारी देना एवं उन्हें विकसित भारत @ 2047 के दृष्टिकोण से जोड़ना था।**

**कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय की एनसीसी इकाई की देखरेख में किया गया, जिसमें एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. बुशरा अलवेरा ने संयोजक एवं मार्गदर्शक की भूमिका निभाई। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए भारत सरकार की इस योजना की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि "माई युवा भारत" का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्रीय विकास की मुख्यधारा से जोड़ना, उन्हें नेतृत्व के अवसर प्रदान करना तथा उन्हें जिम्मेदार नागरिक के रूप में विकसित करना है।**

**उन्होंने यह भी बताया कि विकसित भारत @ 2047 भारत सरकार की वह दूरदर्शी योजना है, जिसके अंतर्गत देश को स्वतंत्रता की 100वीं वर्षगांठ तक एक समृद्ध, समावेशी, टिकाऊ और**

पूर्ण विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करना है। इस लक्ष्य की प्राप्ति में युवाओं की भूमिका सबसे अहम मानी गई है, क्योंकि वही राष्ट्र के निर्माण की असली शक्ति हैं।

वेबिनार के दौरान विभिन्न एनसीसी कैडेट्स ने विषय से संबंधित अपने विचार, सुझाव एवं अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि कैसे वे अपनी शिक्षा, सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्वों के माध्यम से देश की उन्नति में योगदान देना चाहते हैं। विचार-विमर्श के इस संवादात्मक सत्र ने न केवल कैडेट्स की नेतृत्व क्षमता को प्रोत्साहित किया बल्कि उनके आत्मविश्वास एवं संवाद कौशल को भी निखारा।